तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा

4 यातायात और निगम की संयुक्त टीम ने होर्डिंग व बेतरतीब पार्किंग पर की कार्यवाही



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## भीड़ बढ़ रही है स्लीपर व जनरल कोच में और बढ़ाई जा रही एसी कोच की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

त्यौहारों के मौसम में यात्रियों की भीड़ ट्रेन में जनरल और स्लीपर कोच में बढ़ रही है। किंतु कंफर्म बर्थ दिलाने की तैयारी करते हुए स्लीपर कोच की संख्या बढ़ाने के बजाए एसी कोच की संख्या बढ़ा रहा है। इससे स्लीपर कोच में यात्रा करने वाले आम यात्रियों को राहत मिलते नजर नहीं आ रही है।

गर्मी के मौसम में यात्री गाड़ियों में बढ़ती भीड़ के मद्देनजर जिस तरह रेलवे ने जनरल कोच और स्लीपर कोच की संख्या बढ़ाई थी उसी तरह की सुविधा सावन के महीने में रेलवे प्रबंधन द्वारा यात्रियों को देने के लिए फिर से शुरु की है। किंतु इसमें स्लीपर कोच की संख्या बढ़ाने के बजाए एसी कोच की संख्या बढ़ाई जा रही है। इससे उन यात्रियों को राहत नजर नहीं आ रही है जो कम खर्च में सफर करने को लेकर जनरल या स्लीपर कोच में सफर करते हैं। हाल ही में रेलवे ने बिलासपुर से रींवा तक चलने वाली सुपर फास्ट एक्सप्रेस यात्री गाड़ियों में कोच की संख्या बढ़ाने का कदम उठाया है। इस तारतम्य में एक अतिरिक्त एसी 3 एवं एक अतिरिक्त एसी 2 की सुविधा अस्थायी रुप से बढ़ाई गई है जो 27 जुलाई से 31 अक्टूबर तथा रींवा से 28 जुलाई से 1 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी।

### आम व मध्यम यात्रियों को भीड़ से नहीं मिल रही है राहत

**खास बात**

- त्यौहारों के मौसम को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों को कंफर्म बर्थ दिलाने शुरू की है योजना



### सर्वाधिक भीड़ रहती है यात्री गाड़ियों में

बिलासपुर से शाम 7.20 बजे छूटकर पेंड्रा, शहडोल, अनुपपुर, मैहर, सतना होते हुए सुबह 6 बजे रींवा पहुंचने वाली इस यात्री गाड़ी में सर्वाधिक यात्री सफर करते हैं। देवी दर्शन करने मैहर जाने वाले दर्शनार्थियों के लिए यह ट्रेन सबसे सुविधाजनक रहती है जो सुबह 3 बजे मैहर स्टॉपेज करती है। इस लिहाज इस यात्री गाड़ी में बिलासपुर से कोरबा, दीपका के यात्री भी मैहर यात्रा के लिए जाते हैं जिन्हें कंफर्म बर्थ के लिए इंतजार करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर स्लीपर और जनरल कोच में त्यौहारों में ज्यादा भीड़ होने से कई यात्री अन्य यात्री गाड़ियों का सहारा लेते हैं जिनमें बिलासपुर और अमरकंटक व सारनाथ एक्सप्रेस शामिल हैं। यात्रियों की मांग जनरल एवं स्लीपर कोच की संख्या बढ़ाने के लिए रहती है किंतु रेलवे प्रबंधन एसी कोच पर ही ज्यादा फोकस करता है।

### खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को अपडेट रहना चाहिए : डॉ प्रशांत

**कोरबा।** यह बातें कमला नेहरू महाविद्यालय के विज्ञान विभाग में भ्रूण विज्ञान पर आयोजित व्याख्यान में प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने कहीं। इस व्याख्यान में एम्स भुवनेश्वर की नर्सिंग ऑफिसर और नियोनेटल आईसीयू की विशेषज्ञ रुक्सार खातून ने छात्रों को भ्रूण विज्ञान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रुक्सार खातून ने अपने व्याख्यान में भ्रूण के सम्पूर्ण विकास की प्रक्रिया और तंत्रिका तंत्र के विकसित होने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने छात्रों को भ्रूण विज्ञान के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी और उनके सवालों का जवाब दिया। प्राचार्य प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल राठौर, सहायक प्राध्यापक डॉ सुनीरा वर्मा, वेद व्रत उपाध्याय, निधि सिंह और लैब अटेंडेंट दिनेश उपस्थित रहे। छात्रों ने व्याख्यान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान को बढ़ाया। व्याख्यान मे एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने सेहभागिता की। यह व्याख्यान छात्रों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हुआ। उन्हें भ्रूण विज्ञान के बारे में विस्तार से जानकारी मिली और उनके सवालों का जवाब मिला। इस व्याख्यान से छात्रों को अपने ज्ञान को बढ़ाने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने में मदद मिली।

### वयोवृद्ध शिविर में 44 वृद्धजन हुए लाभान्वित

**हरदीबाजार।** वयोवृद्ध शिविर पीएचसी उतरदा सीएमएचओ एवं आयुष विभाग के मार्गदर्शन में प्रति सोमवार वयोवृद्ध मरीजों का विशेष जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। चिकित्सा शिविर में 44 वृद्ध जनों ने अपना जांच करवाया। इसमें ज्यादातर शुगर, बीपी और मौशमी रोगों मरीजों को चिन्हांकित कर दवाई दिया गया शिविर में मुख्य रूप से डॉ गणेश प्रभुवा, डॉ मीनाक्षी राठौर, डॉ भवानी थवाईत ने अपना योगदान दिया। डॉ प्रभुवा द्वारा बरसात के मौसम को देखते हुए वृद्ध जनों को खान पान, दिनचर्या, रितुचर्या एवं स्वच्छता की जानकारी दिया गया। बारिश की पानी में भीगने से बचे, साफ पानी पिए या उबाल कर पीना योग आदि करे और आयुर्वेद के नियमों का विशेष पालन करने सलाह दिया गया।

### दामाद ने सास को पीटा आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** रात में घर के अंदर घुसकर सास से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी दामाद को थाना बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सूरज गोस्वामी उर्फ सोनू 25 वर्ष द्वारा 26 जून को रात लगभग 12:30 बजे शराब के नशे में अपने ससुराल बलौदा पहुंचा और घर दरवाजा जोर-जोर से खटखटाने लगा। आवाज सुनकर आरोपी की सास पीड़िता फुलेश्वरी गोस्वामी ने दरवाजा खोला तभी सूरज अपनी पत्नी और बच्चे को रात में ही अपने साथ घर ले जाने लगा। सास ने सुबह ले जाना कहकर मना किया तो आरोपी गुस्से में अपनी सास को अश्लील गाली गलौच करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की और सास की हांथ की उंगली और कलाई को दांत से काट दिया। रिपोर्ट पर थाना बलौदा में अपराध 295, 351(2), 115(2),118(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी सूरज बन गोस्वामी उर्फ सोनू को उसके घर ग्राम लिम्हा थाना तखतपुर जिला बिलासपुर से पकड़कर हिरासत में लिया। पूछताछ में जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### निरुद्ध बंदियों को पेशी पर ले जाने वाहन व सुरक्षा के लिए होती थी परेशानी

## जिला जेल में निरुद्ध कैदियों की सुरक्षा में नहीं होगी चूक, वीसी के माध्यम से हो रही है पेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला जेल में निरुद्ध कैदियों को पेशी के लिए लव लस्कर के साथ न्यायालय ले जाना पड़ता था। जिसमें अक्सर कैदियों के भागने का खतरा रहता था या फिर किसी अनहोनी की आशंका रहती थी लेकिन अब जेल में निरुद्ध कैदियों को न्यायालय नहीं ले जाना पड़ेगा बल्कि जेल के भीतर से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनकी पेशी हो सकेगी। इसके लिए शासन ने जेल प्रबंधन को आदेश जारी कर दिया है जिसके परिपालन में जेल प्रबंधन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी भी शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में विभिन्न अपराधों में शामिल कैदियों के जेल में निरुद्ध होने के दौरान उन्हें उनकी पेशी आने पर पुलिस प्रशासन के वाहन में चाक चौबंद्ध व्यवस्था सुरक्षा घेरे के दौरान उन्हें प्रतिदिन कैदियों को जिला जेल से जिला न्यायालय ले जाना पड़ता था। इस काम में सुबह से शाम का वक्त लग जाता था। इस दौरान बड़े पैमाने पर पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों को सुबह से शाम तक किसी काम में लगा रहना पड़ता था और कई बार मौके का फायदा उठाकर कैदी भागने में सफल भी हो जाते थे। जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बढ़ती समस्याओं को देखते हुए शासन ने अब जेल में निरुद्ध कैदियों को जेल के भीतर से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय में पेशी में उपस्थित होने का आदेश जारी कर दिया है। जिसके लिए जेल प्रबंधन ने जेल के भीतर ही कटघरा तैयार कराया है और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सारी तैयारी कराई गई है। आदेश जारी होते ही जेल में निरुद्ध कैदियों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय में उनकी उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है और उनकी पेशी भी हो रही है।






वीसी सेंटर जहां से होती है कैदियों की पेशी।

### एक साथ चार मामलों की हो रही है सुनवाई

जेलर विजयानंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला जेल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी की सुनवाई शुरू हो चुकी है। जिला जेल में चार मामलों की सुनवाई एक साथ हो रही है इसके लिए 4 अलग कटघरे व इलेक्ट्रानिक संसाधन तैयार किए गए हैं। इसके लिए व्यवस्था बनाई गई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई में लगातार तेजी आ रही है और मामले लगातार में बढ़ भी रहे हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था हुई पुख्ता

जेल में निरुद्ध कैदियों का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय में पेशी कराई जा रही है। इसके शुरु हो जाने से सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता हुई है। साथ ही सुनवाई में तेजी आयी है।

-विजयानंद सिंह, जेलर

### क्या होगा फायदा

प्रायः यह देखने में आता है कि माननीय न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में अभियुक्तों एवं साक्षियों के परीक्षण हेतु उन्हें व्यक्तिगत रूप से आहूत किया जाता है। जेल से आरोपियों को न्यायालय में उपस्थित कराने की प्रक्रिया में अत्यधिक समय एवं बल की आवश्यकता होती है। कभी-कभी अभियुक्तों की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। इसी प्रकार चिकित्सक, बैंककर्मी एवं अन्य लोक सेवकों के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से न सिर्फ उनका लोक कृत्य प्रभावित होता है बल्कि शासन पर उनके आवागमन के व्यय का अतिरिक्त भार भी पड़ता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में विहित प्रावधानों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अभियुक्तों एवं साक्षियों की न्यायालय में श्रव्य दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों से उपस्थिति एवं परीक्षा सुनिश्चित किये जाने के संबंध में कार्यवाही किया जाना आवश्यक एवं वांछनीय है।

## एचएमएस ने गेवरा प्रोजेक्ट में 26वीं बार बनाया दबदबा



खुशियां मनाते एचएमएस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोलइंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना के कोयला मजदूर सभा एचएमएस ने गेवरा मेगा परियोजना के यूनियन सदस्यता सत्यापन में एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा है। लगातार 26 वर्षों से यह यूनियन इस मेगा परियोजना में नंबर वन स्थान पर बरकरार है। इस बार के सदस्यता सत्यापन में कोयला मजदूर सभा एचएमएस ने 514 सदस्यों के साथ पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि संगठन के पदाधिकारियों और कर्मठ सदस्यों की जी तोड़ मेहनत का नतीजा है। संगठन के वरिष्ठ साथियों के साथ युवा जुझारू साथियों ने भी सदस्यता सत्यापन में बढ़-चढ़ कर अपनी जिम्मेदारी निभाई। उनके जोश और जूनून ने संगठन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोयला मजदूर सभा एचएमएस के महामंत्री एस.डी. मानिकपुरी ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे संगठन की मजबूती और एकता का परिणाम है। हमारे पदाधिकारियों और सदस्यों की कड़ी मेहनत और लगन ने हमें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

**खास बात**

- 514 सदस्यों के साथ बनी नंबर वन यूनियन

### कुसमुण्डा में बीएमएस ने फिर लहराया परचम

एसईसीएल में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में वर्ष 2025 में एक बार फिर बीएमएस ने अपना परचम लहराया है। लगातार 20 वर्षों से बीएमएस अपना प्रथम स्थान हासिल कर रही है। वर्ष 2025 में कुसमुण्डा में सदस्यता अभियान में बीएमएस ने बीएमएस 1282, एचएमएस 613, एटक 929, इंटक 517 सदस्यता हासिल की है। जबकि एसईसीएल कर्मचारियों ने 291 नोटा में भी अपना वोट किया था।

## अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रगति नगर की है। जहां निवासरथ भैयालाल 60 वर्ष पिता चुन्नू अपने मवेशियों को चारा देने गया हुआ था। इसी दौरान किसी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया जब परिजनों को पता चला तो आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शांति विहार की है। यहां निवासरत के. एम. मानवेल 78 वर्ष की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे लेकिन बीच रास्ते में उसकी मौत हो चुकी थी चिकित्सकों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में घटित हुई है जहां अज्ञात वाहन ने रेशमा साहू उम्र 50 वर्ष पति राजू साहू को ठोस दिया था। जिसे पुलिस की मदद से मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को पीएम उपरांत परिजनो के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तीन दोस्त गए थे पिकनिक मनाने, एक दोस्त बहा नदी में

**कोरबा।** बालको थाना कके केसलाघाट वाटरफॉल में 3 दोस्त पिकनिक मनाने गए थे। नदी में नहाने के दौरान दो युवक तेज बहाव में बहने लगे। अपने दोस्तों को बहता देख रामपुर निवासी जफर खान उम्र 33 वर्ष ने अपने दोनों दोस्तों को बचाने का प्रयास किया लेकिन गहरे पानी में जफर खान समा गया। दोनों दोस्तों ने घटना की सूचना लिखित रूप से बालको थाने में जाकर दी। देर रात तक युवक की खोजबीन करते रहें लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चल पाया। मंगलवार की सुबह फिर से गोताखोरों द्वारा युवक की खोजबीन की जाएगी।

## मिलावट की आशंका पर 2 क्विंटल खोवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी के पर अंकुश की मंशा लेकर जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मिलावट की आशंका पर कार्रवाई करते हुए 2 क्विंटल खोवा सीज किया गया है। इसके अलावा खाद्य प्रतिष्ठानों से पनीर, खोवा और कुंदा के सैंपल भी एकत्र कर जांच के लिए भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के तहत जिले में अपमिश्रित खाद्य पदार्थों की रोकथाम हेतु आयुक्त सह नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार पूरे राज्य में पूरे राज्य में एक साथ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जांच अभियान के तहत मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पनीर, खोवा व कुंदा का नमूना संकलन कराया गया। इसी तारतम्य में कोरबा जिले से विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों का नमूना लिया गया। इनमें कोरबा पुरानी बस्ती स्थित वंदना सेल्स से पनीर, लक्ष्य स्वीट्स लालूराम नगर से खोवा, कुसमुंडा स्थित निर्मल डेयरी एंड स्वीट्स से पनीर और ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- जांच में लिए गए खाद्य प्रतिष्ठानों से पनीर और कुंदा के सैंपल



कार्रवाई करती खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम।

### अब 24 जुलाई तक सभी रिक्त स्थान वाले स्कूलों में जमा होंगे आवेदन

## मानदेय शिक्षकों के लिए आवेदन जमा करने फिर मिला अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मानदेय शिक्षक भर्ती अभियान का लाभ ग्रामीण अंचल के अधिक से अधिक शिक्षित बेरोजगारों को मिला। इसके मद्देनजर कलेक्टर के आदेश पर शिक्षा विभाग ने आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24 जुलाई तक बढ़ा दी है। इससे आवेदन जमा करने से वंचित बेरोजगारों को एक और अवसर मिला है।

डीएमएफ से मानदेय शिक्षकों की भर्ती अभियान 8 जुलाई से शुरु किया गया था। जिसके लिए रिक्त स्थान वाले स्कूलों की सूची जारी कर 15 जुलाई तक अंतिम तिथि रखी गई थी किंतु अधिकांश लोगों को उसकी जानकारी न होने पर जिले के वेबसाइट पर इसे अपलोड करते हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई तक बढ़ा दी थी। इस बीच 21 जुलाई को जनदर्शन में ग्रामीण अंचल के अधिकतर शिक्षित बेरोजगार समय पर आवेदन न जमा होने की समस्या लेकर कलेक्टर अजीत वसंत से मिले थे। उन्होंने इस समस्या को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने के निर्देश देते हुए जिले के वेबसाइट पर फिर से अपलोड करने के निर्देश दिये। कलेक्टर के आदेश के बाद डीईओ के द्वारा दोपहर में ही सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारीकर 24 जुलाई तक सभी रिक्त स्थान वाले स्कूलों में शिक्षित बेरोजगारों से आवेदन लेने के निर्देश दिए। मानदेय शिक्षक भर्ती अभियान से ग्रामीण अंचल के डीएड, बीएडी डिग्रीधारी युवाओं को अपनी सेवाएं देने का अवसर मिला है। भर्ती अभियान में ग्राम पंचायत के निवासियों को पहली प्राथमिकता दी जा रही है।

**खास बात**

- जनदर्शन में कलेक्टर से मिले ग्रामीण अंचलों के शिक्षित बेरोजगार



### विषय की बाध्यता है समाप्त

प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूलों में चल रहे मानदेय शिक्षकों की भर्ती अभियान के तहत संसोधित सूची जारी कर माध्यमिक शाला में विषय की बाध्यता समाप्त किए जाने से सभी शिक्षित बेरोजगारों को आवेदन जमा करने का अवसर मिल गया है। इसके पूर्व माध्यमिक शाला में विषय की बाध्यता होने से शिक्षित बेरोजगार वंचित हो रहे थे। जिसके बाद विषय की बाध्यता समाप्त किए जाने से शिक्षित बेरोजगारों को राहत मिली है। इस संबंध में डीईओ टीपी उपाध्याय ने कहा कि मानदेय शिक्षक भर्ती से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों इसके लिए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आवेदन जमा करने की तिथि लगातार दो बार बढ़ाई गई है ताकि शिक्षित बेरोजगार इस भर्ती से वंचित न हो सके।

### सूने मकान में चोरों का धावा, हजारों का माल पार

**कोरबा।** सूने मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है, घर से नगदी रकम समेत अन्य सामान को चोरों ने निशाना बनाते हुए घटना को अंजाम दिया है। मामला बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर का है। जहां चमन सारथी के घर अज्ञात लोगों द्वारा चोरी की गई हैं, धनीराम सारथी अपनी परिजनों के साथ बाहर काम करने गए हुए थे, घर पर चमन सारथी रहा करता है जो कनकी महादेव के दर्शन करने रात में गया हुआ था। जब सोमवार को वह घर वापस लौटा तो उसके होश उड़ गए, घर का सामान बिखरा हुआ था घर पर रखे 15 हजार रुपए नगदी रकम, स्मार्ट टीवी, पायल समेत अन्य सामनों की चोरी हुई है। मामले की जानकारी बालको पुलिस को दे दी गई।

**खबर संक्षेप**

## बिलासपुर-रींवा में अतिरिक्त कोच 27 से

**बिलासपुर।** अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए रेल प्रशासन ने बिलासपुर से रींवा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में एसी कोच की सुविधा देने का निर्णय लिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 18247/18248 बिलासपुर-रींवा और रींवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री एवं एक अतिरिक्त एसी टू कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा 27 जुलाई से 31 जुलाई तक बिलासपुर से चलने वाली ट्रेन में और रींवा से चलने वाली एक्सप्रेस में 28 जुलाई से 1 नवम्बर तक उपलब्ध रहेगी।

## कोचिंग जाने वाली शिवनाथ में चेन पुलिंग

**बिलासपुर।** इतवारी से बिलासपुर आने के बाद कोचिंग डिपो की ओर जब शिवनाथ एक्सप्रेस जाने लगी तो उसमें अचानक अलार्म चेन पुलिंग कर दी गई, जिसके कारण चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को रोक दी। आरपीएफ ने चेन पुलिंग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की है। सोमवार की सुबह शिवनाथ एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन में समय पर पहुंच गई थी। बिलासपुर स्टेशन में ट्रेन स्टापेज के बाद कोच से सारे यात्री उतर गए, जिसके बाद ट्रेन को धुलाई और मेंटनेंस के लिए कोचिंग डिपो की ओर रवाना किया जा रहा था। सिग्नल मिलते ही शिवनाथ रवाना होने लगी, तो अचानक अलार्म चेन पुलिंग होते ही चालक ने ट्रेन इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोक दिया। इसकी सूचना मिलते ही आरपीएफ ने मौके पहुंचकर पूरे कोच की तलाशी ली, जिसमें एक कोच में अकेले महाराष्ट्र नागपुर निवासी रविकांत शुक्ला इतवारी से बिलासपुर तक शिवनाथ एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस 1 में सफर कर रहे थे। रविकांत शुक्ला को गहरी नींद आ गई और उन्हें बिलासपुर में ट्रेन पहुंचने की जानकारी नहीं हुई। आंख खुली तो ट्रेन प्लेटफार्म से रवाना हो रही थी। इसी तरह हावड़ा से अहमदाबाद की ओर जाने वाली एक्सप्रेस के जनरल कोच में भी अलार्म चेन पुलिंग की गई, जिसमें यात्री ने सामान नहीं चढ़ा पाने की जानकारी आरपीएफ को दी। आरपीएफ ने दोनों यात्रियों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत मामला कायम कर लिया है।

## सड़क पर खोद दिया गड्ढा, पाइप से परेशानी



**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक नगर निगम और यातायात विभाग के लिए प्रयोगशाला से कम नहीं है। हाल ही में नगर निगम ने गड्ढा कर चौक पर पाइप डाल दिया है, बताया जा रहा है कि अमृत मिशन का पाइप लाइन है, लेकिन पाइप लाइन को इस तरह से लगाया गया है, जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। रिंग रोड से एसबीआर कालेज की ओर मुड़ने के दौरान वाहन चालकों का सामना पाइप से हो रहा है, यातायात विभाग ने इसे बेरिकेट से ढक रखा है, जिससे स्थिति ओर भी खराब हो रही है। नगर निगम के इस कारनामे से हर कोई परेशान है।

**जमीन हकीकत उलट** | शिक्षा विभाग ने सत्र शुरु होने से पहले सभी पुस्तकें समय पर स्कूलों में पहुंचने किया था दावा

# शैक्षणिक सत्र शुरु हुए एक महीना बीत गया, छात्रों को नहीं मिली 12 लाख किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र शुरु हुए एक महीना से अधिक बीत चुका है, लेकिन स्कूलों में अब तक छात्रों को पूरी किताबें नहीं मिली हैं। शिक्षा विभाग ने सत्र शुरु होने से पहले दावा किया था कि सभी पुस्तकें समय पर स्कूलों में पहुंच जाएंगी, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है।

किताबों की कमी के कारण छात्र अधूरी पढ़ाई करने को मजबूर हैं, वहीं शिक्षकों को भी पढ़ाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब इसे अधिकारियों की लापरवाही मानें या फिर सिस्टम की कमजोरी लेकिन हाल यह है कि जिले में ही 12 लाख किताबें हजारों छात्रों को नहीं मिली है। 10 वीं गणित की किताब अधिकांश बच्चों को नहीं मिली है तो ऐसा एक भी स्कूल नहीं है जहां सभी बच्चों को सभी कक्षाओं की सभी किताबें मिल गईं हों। बिलासपुर जिले में इस बार



कलस्टर बनाकर किताबों को वितरण किया जाना है। इसके लिए जिले में 298 कलस्टर बनाए गए। सरकंडा कलस्टर की ही बात करें तो साढ़े तीन हजार किताबों का वितरण अभी तक स्कूलों में नहीं किया जा सका है। इसके अलावा दयालबंद, कुदूदण्ड जैसे कलस्टरों में 5 हजार से अधिका किताबें बच्चों तक नहीं पहुंची हैं। इस तरह कुल करीब 12 लाख किताबें अभीं तक बच्चों तक नहीं पहुंच सकी है।

### तीसरी और छठवीं में सबसे अधिक परेशानी

गौरतलब है कि इस साल तीसरी और छठवीं कक्षा का सिलेबस पूरा बदला गया है। इसलिए नई किताबों से ही पढ़ाई होनी है। पुरानी किताबों से काम नहीं चल रहा लेकिन इन कक्षाओं की किताबें भी बच्चों तक नहीं पहुंचने के कारण अधिक परेशानी हो रही है। आठवीं तक के बच्चों के पास अब भी पूरी किताबें उपलब्ध नहीं हैं। विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, अंग्रेजी जैसे मुख्य विषयों में किताबें नहीं मिली हैं, जिससे पढ़ाई में बड़ा व्यवधान आ रहा है। बच्चों ने बताया कि जो किताब मिली हैं, उन्ही की पढाई हो रही हैं। अन्य किताबें कब तक उन्हें मिलेंगी और वे पढाई शुरू कर पाएंगे, इसे लेकर वे असमंजस की स्थिति में हैं।




**पुरानी पुस्तकों से हो रही पढ़ाई**

- ऐसा एक भी स्कूल नहीं है जहां सभी बच्चों को सभी कक्षाओं की सभी किताबें मिल गईं हों
- वितरण के लिए बनाए गए हैं 298 कलस्टर, नई व्यवस्था के कारण बिगड़ रहा पूरा सिस्टम

### कई किताबों में बारकोड एवं आईबीएन कोड नहीं

कुछ शिक्षकों ने बताया कि बिना स्कैनिंग के पुस्तक वितरण नहीं करना है लेकिन हाल यह है कि पुस्तक वितरण के पूर्व बारकोड एवं आईएसबीएन कोड को शिक्षकों के निजी मोबाइल के माध्यम से स्कैनिंग करने की प्रक्रिया शिक्षक संवर्ग के लिए सर दर्द बनी हुई है। रोज सर्वर की समस्या रहती है। बहुत सारे पुस्तकों में बारकोड एवं आईबीएन कोड नहीं होने के कारण पुस्तकें स्कैनिंग नहीं हो पा रही हैं। अत्यधिक दर्ज संख्या वाले विद्यालयों में पुस्तक स्कैनिंग करने का कार्य पहाड़ चढ़ने जैसा साबित हो रहा है। इधर अधिकारी रोज व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज टाइप कर एवं गूगल शीट जारी कर संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य के माध्यम से तत्काल स्कैनिंग कर जानकारी अपलोड करने का दबाव बनाए हुए हैं।

### सर्वर के कारण आ रही समस्या

पुस्तक वितरण के पूर्व बारकोड एवं आईएसबीएन कोड को शिक्षकों के निजी मोबाइल के माध्यम से स्कैनिंग करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सर्वर की समस्या के कारण अधिक परेशानी है। कोशिश की जा रही है कि स्कूलों और बच्चों तक पुस्तकें जल्दी पहुंच जाएं।

- **विजय तोंडे** जिला शिक्षा अधिकारी

**फूटा पाइप...**



इमलीपारा यादव भवन के पास पंप हाउस की पाइप लाइन फटी, हजारों लीटर पानी बेकार बहता रहा।

**बिना लाइसेंस चार सालों से चल रहा था अवैध करोबार**

# दुकान कॉस्मेटिक की और बेच रहे थे दवाई, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बाजार में नकली कॉस्मेटिक बिकने की लगातार शिकायत की जांच करने कॉस्मेटिक दुकानों में औचक निरीक्षण के लिए पहुंची खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को एक चौंकाने वाला मामला मिला। तेलीपारा स्थित एक कॉस्मेटिक की दुकान में बिना लाइसेंस अवैध रूप से दवाई भी बेची जा रही थी, जिसे तत्काल प्रभाव से जब्त करते हुए मामला दर्ज किया गया है।

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाई

शहर में नकली कॉस्मेटिक की बिक्री की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित कॉस्मेटिक दुकानों में छापामार अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत वे तेलीपारा स्थित आकाश बैंगल्स एवं कॉस्मेटिक नामक दुकान पर पहुंचे। जांच के दौरान उक्त दुकान में बिना औषधि लाइसेंस के औषधियों का भंडारण प्राप्त हुआ। दो कार्टूनों के बराबर करीब आठ तरह की दवाइयों पाई गईं, जिनकी कीमत करीब 30 हजार रूपए आंकी गई है। विभाग के अनुसार संचालक द्वारा औषधियों का अवैध भंडारण एवं विक्रय पिछले 4 वर्षों से किया जा रहा था। उक्त कृत्य खाद्य एवं औषधि अधिनियम नियमावली 1945 की धारा 18 सी एवं 18 ए का उल्लंघन है, जिसमें 3 साल की सजा एवं एक लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान शामिल है। विभाग द्वारा संचालक के विरुद्ध औषधि नियमावली 1945 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

इस संबंध में औषधि निरीक्षक सुनील पंडा ने बताया कि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर बिलासपुर के तेलीपारा, व्यापार विहार एवं मंगला क्षेत्र में आधा दर्जन कॉस्मेटिक दुकानों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान मेसर्स संतोष जनरल स्टोर्स व्यापार विहार, मेसर्स नरेश ट्रेडर्स व्यापार विहार में कॉस्मेटिक का सैंपल जांच हेतु लिया गया। इसी प्रकार मेसर्स मां कॉस्मेटिक एवं जनरल स्टोर मंगला, मेसर्स मनोज फैंसी एंड स्टेशनरी मंगला बस्ती एवं मेसर्स आदित्य ट्रेडिंग तेलीपारा में कॉस्मेटिक सैंपल गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए।

### नकली होने के संदेह में 660 किलो खोवा और 35 किलो पनीर जब्त




नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिला बिलासपुर में सुबह 5.40 बजे नया बस स्टैंड पहुंच कर सघन जांच पड़ताल करते हुए बाहरी राज्यों से आने वाले खोवा, कुंदा एवं पनीर की जांच की गई। रेलवे परिसर में भी इसी प्रकार जांच अभियान चलाया गया।चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खोवा मंडी गोलबाजार के विभिन्न फार्मों से 18 खाद्य नमुना संकलन कर जांच की गई। जिसमें 2 नमूने अवमानक पाए गए । बिलासपुर से कुल 3 लीगल एवं 1 सर्विलांस नमूना लेकर जांच में संदेह के आधार पर 660 किलो खोवा एवं 35 किलो पनीर जब्त किया गया एवं विक्रय करने से रोक गया।

### प्रयोगशाला भेजे गए पांच दुकानों के सैंपल

शहर में इन दिनों नकली कॉस्मेटिक के निर्माण एवं विक्रय की लगातार शिकायतें मिल रहीं हैं। इसी आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान शहर की पांच दुकानों से कॉस्मेटिक के 5 सैंपल एकत्र किए गए हैं। एकत्र किए गए सभी सैंपल जांच के लिए रायपुर स्थित प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

**विकास भवन के सामने जमीन पर बैठकर किया विरोध प्रदर्शन**

# कांग्रेसी पार्षदों का नहीं हो रहा काम निगम में चेम्बर तक नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम चुनाव के पांच महीने बाद भी नेता प्रतिपक्ष सहित कांग्रेसी पार्षदों को चेम्बर तक नसीब नहीं हुआ है। वहीं कांग्रेसी पार्षदों द्वारा अपने वार्डों में कोई काम नहीं होने का आरोप भी लगा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर सोमवार को कांग्रेस पार्षद दल निगम कार्यालय विकास भवन सामने आज जमीन पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया।

- निगम के 70 में से 18 वार्डों में कांग्रेस के पार्षद

कांग्रेसी पार्षद आज दोपहर करीब 12 बजे निगम कार्यालय विकास भवन पहुंचे और गेट के सामने जमीन पर धरने पर बैठ गए। ये कांग्रेसी पार्षद निगम प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे। कांग्रेस पार्षद दल की मुख्य समस्या यह है कि फरवरी माह में नगर निगम चुनाव के बाद इन पांच महिनों में अभी तक नेता प्रतिपक्ष को चेम्बर तक नहीं मिला है जिससे कांग्रेसी पार्षदों की निगम कार्यालय में बैठने की कोई जगह नहीं है। इससे नाराज होकर आज कांग्रेस पार्षद दल ने निगम कार्यालय सामने जमीन पर बैठकर ही कार्यालय लगाकर हितग्राहियों के कामकाज निपटाने और विरोध एवं धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। कांग्रेस पार्षद दल का यह विरोध प्रदर्शन दोपहर तक चला, उसके बाद उन्होंने अपना धरना समाप्त किया।




विकास भवन के सामने धरने पर बैठे कांग्रेसी पार्षद।

### शहर सरकार पर लगाया भेदभाव का आरोप

निगम में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के भरत कश्यप का कहना है कि नगर निगम को जो स्वच्छता अभियान में देश में दूसरे नंबर का पुरस्कार मिला है वह कांग्रेस की देन है। शहर विकास कार्य में भाजवा एवं कांग्रेस नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि चार माह पहले निगम आयुक्त को कांग्रेस पार्षद दल ने एक पत्र दिया था, जिसमें कांग्रेस पार्षदों के बैठने तथा नेता प्रतिपक्ष के लिए कमरा आबंटन की व्यवस्था की मांग की गई थी। लेकिन आज तक कांग्रेस पार्षद दल के लिए बैठक व्यवस्था नहीं किया गया है इसलिए मजबूरी में आज धरना प्रदर्शन करना पड़ा। उनका यह भी कहना है कि निगम में कांग्रेसी पार्षदों का न तो कोई काम हो रहा है और न ही उनके वार्डों में विकास कार्य हो रहा है। इसके अलावा पार्षद संतोषी रामा बघेल व पुष्पेंद्र साहू ने कहा कि शहर विकास में भाजपा एवं कांग्रेस नहीं होना चाहिए, क्योंकि जनता ने भाजपा का महापौर बनाया, किन्तु कांग्रेस पार्षद दलों को भी वार्ड की जिम्मेदारी दी है। विकास भवन में बैठने की व्यवस्था नहीं होने से कामकाज करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने शहर सरकार सहित महापौर पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में नेता प्रतिपक्ष को कक्ष आबंटित किया गया था।

### कांग्रेस के 18 व भाजपा के 49 पार्षद

नगर निगम में सत्तारूढ़ भाजपा के महापौर श्रीमती पूजा विधानी व सभापति विनोद सोनी सहित भाजपाई पार्षदों की संख्या 49 है। नगर निगम में कुल 70 वार्ड आते हैं, जिनमें से केवल 18 वार्डो कांग्रेस के पार्षद है, जबकि निर्दलीय पार्षदों की संख्या 3 है। निगम कार्यालय विकास भवन में भाजपा पार्षद आते हैं तो महापौर के चेम्बर में बैठ जाते हैं, किन्तु कांग्रेस के पार्षदों के लिए बैठने का चेम्बर नहीं दिया गया है। आज धरना प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप सहित पार्षद संतोषी रामा बघेल, रीता शंकर कश्यप, पुष्पेंद्र साहू, दिलीप पाटिल, अनीता कश्यप, मनहरण कौशिक, सुनीता गोयल, मोहन श्रीवास, ओम कश्यप, अमित भारते, सुनील सोनकर, अब्दुल इब्राहिम, गायत्री साहू, रामा बघेल, शंकर कश्यप, हिमांशु कश्यप आदि शामिल रहे।

## स्टेशन में मिलते हैं यात्रा संस्कृति और विकास

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन शहर के हृदयस्थल पर स्थित है। यहां प्रतिदिन हजारों यात्री स्टेशन से अपनी मंजिल की ओर रवाना होते हैं। यहां यात्रियों के लिए मौजूद सुविधा भी बेहतर है। स्टेशन में कैशलेस टिकटिंग व्यवस्था एटीवीएम मशीनें, डारमेट्री, प्रतिक्षालय, बुजुर्गो के लिए लिफ्ट, डिजिटल सूचना प्रणाली, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था है। यह सब मिलकर इसे एक आधुनिक और सुलभ स्टेशन बनाते हैं। हाल ही में स्टेशन परिसर में रेल कोच से निर्मित रेस्टोरेंट का शुभारंभ हुआ है, जो न केवल यात्रियों बल्कि शहरवासियों के लिए भी एक नया आकर्षण बना है। इसके साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य प्रारंभ हो चुका है। स्टेशन को आधुनिक सुविधा से युक्त, भव्य और यात्री हितैषी बनाया जा रहा है।

# पत्नी से मारपीट आरक्षक पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पत्नी से मारपीट करने वाले आरक्षक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।



कोनी पुलिस के अनुसार फारेस्ट कालोनी निवासी गौरी राजपूत ने रिपोर्ट लिखाई कि वह फारेस्ट विभाग में कम्प्यूटर आपरेटर है। 2021 में उन्होंने पुलिस विभाग के आरक्षक हुकूमचंद माथर जो पंडरिया कवर्धा जिला में पदस्थ है, उसने उससे प्रेम विवाह किया था। उनका ढाई साल का बेटा है। 21 जुलाई को सुबह 8.30 बजे उन्होंने इलाज कराने के लिए पति से पैसे मांगा तो पति ने गाली गलौज कर मारपीट कर दिया है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर पति आरक्षक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# पण्डोनगर स्थित सड़क में मिट्टी धंसने से चावल लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**बिश्रामपुर।** ग्राम पण्डोनगर स्थित एफसीआई गोदाम से चावल लोडकर रैक प्वाइंट जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।दुर्घटना में चालक को अंदरूनी चोट आई है।गौरतलब है कि सोमवार की दोपहर करीब सवा एक बजे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 1303 का चालक बिश्रामपुर निवासी सुदामा सिंह ग्राम पण्डोनगर स्थित एफसीआई गोदाम से चावल लोडकर रैक प्वाइंट कमलपुर की तरफ जा रहा था।तभी एनएच 43 किनारे पण्डोनगर की बदहाल सिंगल सड़क पर मार्ग के एक ओर अन्य ट्रकों के खड़े रहने की वजह से मिट्टी धंसने पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया।गौरतलब है कि एनएच 43 से ग्राम पण्डोनगर जाने वाले मार्ग की स्थिति इन दिनों काफी दयनीय हो गई है।सड़क पर बड़े गड्ढे होने व भारी भरकम वाहनों के आवागमन की वजह से आए दिन स्थानीय ग्रामीण भी छोटी बड़ी दुर्घटनाओं के शिकार होते रहते हैं।बावजूद इसके राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों की उक्त गंभीर समस्या की तरफ आज तक किसी जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने ध्यान देना उचित नहीं समझा है।



# सूने मकान से नकदी समेत सामानों की चोरी, जुर्म दर्ज

**बिश्रामपुर।** ग्राम रामेश्वरपुर में दिन दहाड़े किसान के सुने मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर नगदी समेत सामान पार कर दिए हैं।गौरतलब है कि ग्राम रामेश्वरपुर निवासी प्रार्थी 55 वर्षीय रामचरण एक्का पिता स्व. सोमरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 जुलाई की सुबह लगभग 7 से 8 बजे के बीच वे अपनी पत्नी और नाती के साथ अपने खेत में रोपा लगाने गए हुए थे, इस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था,प्रार्थी किसान का बेटा गिरजा एक्का और बहू इलाज कराने सरगवा अंबिकापुर गए हुए थे,इसके बाद करीब 11 बजे बहू घर लौटी, तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है और सिकड़ी टूटी हुई है।जब वह अंदर गई, तो घर का सामान पूरी तरह बिखरा पड़ा था।बहू ने तत्काल अपने ससुर रामचरण को खबर दी,घर लौटने पर प्रार्थी ने देखा कि अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे 40 हजार रुपए नकद समेत कांस की थाली,लोटा,कटोरी सहित कुल 57 सौ रुपए घरेलू बर्तन चोरी कर ले गए हैं।लटोरी पुलिस ने प्रार्थी रामचरण एक्का की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# जंगल में दो बायसन की भिडंत, एक की हो गई मौत

**बिलासपुर।** लोरमी वन मंडल और एटीआर के बीच भारतपुर के जंगल में दो बायसन के बीच आपसी द्वंद हो गया, जिसके कारण एक बायसन की मौत हो गई। वन विभाग ने बायसन का पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया है।

जानकारी के अनुसार लोरमी वन मंडल और अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच में भारतपुर जंगल है। यहां सुबह एक नर बायसन की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली, जिसे देखने के बाद ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों से सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जिसमें लोरमी वन वन मंडल के एसडीओ डीएस सूर्यवंशी, रेंजर क्रिस्टोफर कुजूर भी मौजूद थे। मौके पर पहुंचकर वन विभाग की टीम ने भारतपुर गांव के रिजर्व फारेस्ट क्रमांक 556 में बायसन को मृत अवस्था में देखा। वन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट और पशु चिकित्सकों को बायसन के मौत और उसकी जांच करने कहा। इसकी जानकारी मिलते ही कानन पेण्डारी जू के डॉक्टर पीके चंदन, जिला पशु चिकित्सक डा. शत्रुहन सिंह, डॉ. प्रमोद नामदेव और डॉ. शिव पटेल ने घटना स्थल पहुंचकर बायसन का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के उपरांत डॉक्टरों ने बायसन के मौत का कारण दूसरे बायसन के साथ आपसी संघर्ष से होने की रिपोर्ट दी। इस संबंध में एसडीओ डीएस सूर्यवंशी ने बताया कि कक्ष क्रमांक 556 में बायसन का शव मिला था। पहले शिकार की आशंका के कारण आसपास के जंगल में छानबीन की गई, लेकिन शिकार से संबंधित कोई भी पुख्ता सबूत नहीं मिले। मृत नर बायसन की उम्र 6 से 7 साल की थी, जिसके शरीर पर अंदरूनी चोट के कारण डॉक्टरों ने भी दूसरे बायसन के साथ आपसी संघर्ष के संबंध में जानकारी दी है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट को जांच के लिए भेजने के बाद बायसन के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।



## कनकेश्वरधाम में हसदेव नदी से जल लेकर पहुंचे कांवड़िये

# दूसरे सोमवार को कनकी और पाली शिव मंदिरों में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़


जलाभिषेक करने कनकेश्वरधाम में लगी भक्तों की कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्रमुख शिव मंदिर कनकी से लेकर पाली तक सावन के दूसरे सोमवार के अवसर पर शिव भक्तों की भीड़ जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़ी। हसदेव नदी से जल लेकर प्रतिवर्ष कनकेश्वर धाम जाने वाले कांवड़ियों का दल ब्रम्हमूहुर्त में ही जल लेकर कनकेश्वरधाम पहुंच चुका था। वहीं पाली शिव मंदिर में भी दूसरे सोमवार के अवसर पर अन्य जिलों से आये हुए दर्शानार्थियों की भीड़ नजर आ रही थी।

**खास बात**

- घंटों तक लगी रही भक्तों की लंबी कतार


अपनी बारी का इंतजार करते भक्त।

सावन का महीना शिव भक्ति के लिए प्रमुख रुप से जाना जाता है। घर के शिव मंदिरों से लेकर बाहर स्थित शिवालयों में जलाभिषेक करने वाले भक्तों का तांता सोमवार के दिन सर्वाधिक रहता है। हालांकि अन्य दिनों में भी दर्शानार्थियों की भीड़ रहती है। किंतु सावन के महीने में शिव पूजा के लिए सोमवार का दिन विशेष रहता है। इस स्थिति में सावन सोमवार का अपना अलग महत्व रहता है। इसी आस्था और परंपरा के तहत सोमवार के दिन शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ जलाभिषेक व दूध अभिषेक करने उमड़ी रहती है। अंचल के दो प्रमुख स्थल कनकी और पाली में प्रतिवर्ष सावन में अन्य जिलों से भी दर्शानार्थी जलाभिषेक करने एवं अन्य अनुष्ठान करने पहुंचते हैं। ऐसी स्थिति में दोनों प्रमुख शिव मंदिरों में सोमवार के दिन आस्था की भीड़ नजर आती है। जिसे नियंत्रित करने के लिए मंदिर समितियों के साथ साथ स्थानीय पुलिस बल भी रहता है। कनकी धाम में सुबह से जलाभिषेक करने शिव भक्तों की लगी भीड़ दोपहर 12 बजे तक कम नहीं हुई थी। मंदिर में दो तरफ से कतार लगी हुई थी। पहला मुख्य द्वार से सड़क तक वहीं दूसरी कतार नदी से तट से लेकर मंदिर के मुख्य द्वार तक, दोनों ही कतारों में भक्तों की कतार नजर आ रही थी।

### घरों में शुरु हुए धार्मिक अनुष्ठान

सावन महीने के शुरु होते ही शिव भक्त अपने घरों एवं शिव मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। इस समय हर छोटे बड़े शिव मंदिरों में विशेष अनुष्ठानों का दौर भक्तों के द्वारा कराए जाने से छोटे छोटे शिवालय भी बोल बम के जयकारों से गूंज रहे हैं। एक तरफ सुबह से मुख्यमार्गों में गेहूंआ वस्त्र पहने हुए कांवड़िये बोल बम का नारा लगाते चल रहे थे। वहीं दूसरी तरफ शिवालयों में भी रुद्राभिषेक सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान शिव भक्तों के द्वारा कराये जा रहे थे।

## मिनाक्षी बनी सावन सुंदरी, महिला मंडल कन्नौजिया राठौर समाज का सावन उत्सव



**कोरबा।** कन्नौजिया राठौर समाज महिला मंडल ने सीएसईबी कोरबा (पूर्व) के महिलाओं ने होटल औरा गोल्ड में सावन महोत्सव मनाया। सभी सदस्यों की एक समान वेशभूषा और प्रस्तुत आकर्षक का केंद्र रहा। सावन उत्सव के दौरान सावन सुंदरी का चयन किया गया जिसमें श्रीमती मीनाक्षी राठौर सावन सुंदरी चुनी गई, जिसे अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला राठौर ने ताज पहनाकर सम्मानीत किया। गीत-संगीत के बीच सभी महिलाओं के लिए मनोरंजक कार्यक्रम, खेल और डांस आयोजित किए गए जिसमें सभी महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। अध्यक्ष शकुंतला राठौर ने सावन उत्सव को सफल बनाने और बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए महिला मंडल के पदाधिकारी सचिव- सत्यभामा राठौर, कोषाध्यक्ष- सुनीता राठौर, सदस्य- सीमा राठौर, चमेली राठौर, धरमीन राठौर, सुशीला राठौर, निशा राठौर, अनीता राज राठौर, हिना राठौर, राधा राठौर, सुशील राठौर, अनीता राठौर, रिंकी राठौर, संतोषी राठौर, प्रमिला राठौर, तुलसी राठौर, हुलसी राठौर, मीना राठौर, कमला राठौर, सरोज राठौर, गोदावरी राठौर, सेतबाई राठौर, कृष्णा राठौर, फिरतीन राठौर, निर्मला राठौर, दीपांजलि राठौर, मीनाक्षी राठौर, शकुन राठौर उपस्थित रहीं।

## नवचेतना महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** रविवार को कनौजिया राठौर नवचेतना महिला मंडल ने शुगर क्राउन में सनातन परंपराओं के साथ हरियाली सावन महोत्सव का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से उत्साहवर्धन व मनोरंजन किया गया। महिलाओं को अपने अभिव्यक्ति को व्यक्त करने को मंच प्रदान किया गया। इस अवसर पर लीना राठौर को सावन क्वीन व प्रेमलता राठौर को सावन सुंदरी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महिला मंडल की अध्यक्ष संध्या राठौर एवं अर्चना राठौर, रंजीत राठौर, कनक लता राठौर, सुनीता राठौर और खेल प्रभारी अंजलि राठौर का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन व आभार पुष्पा राठौर व पुष्पलता राठौर ने किया। इस कार्यक्रम में समिति के सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें अनीता, रेखा गीतिका, उत्तर पायल, ललित गायत, मीणा, नीलम, अमृता, सुनीता, विनीता, अनामिका, पदमा, गायत्री, मधुलता सहित अन्य शामिल थे।

**खबर संक्षेप**

### बस से गांजा की तस्करी करते चार अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**अम्बिकापुर/वाड्रफनगर।** बलरामपुर जिले में पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। देर रात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 92 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है। बड़ी बात यह है कि तस्कर बेखौफ होकर बस के माध्यम से गांजा की तस्करी कर रहे थे। आरोपियों ने अपने बड़े बड़े बैग में गांजा भरकर रखा गया था और गांजा लेकर उड़ीसा से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे थे। पुलिस द्वारा 30 लाख रूपए का गांजा जब्त किया गया है।

बता दें कि एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर जिले भर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जिले की सरहदी क्षेत्रों में विशेष रूप से मुखबिर तैनात किए गए है और चेकिंग प्वाइंट्स लगाए गए है। इसी कड़ी में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बस में कुछ लोगों द्वारा भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलने के बाद एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी व एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में पुलिस ने 21 जुलाई की रात वाड्रफनगर चौकी क्षेत्र में संदेह के आधार पर महिंद्रा बस क्रमांक यूपी 17 एटी 3835 को रोककर उसकी तलाशी ली तो बस में चार संदिग्ध लोग पकड़े गए। पुलिस ने जब संदेही लोगों से पूछताछ करने के साथ ही उनकी तलाशी ली तो आरोपियों के पास मौजूद बैग में गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने उड़ीसा से गांजा लेकर उत्तर प्रदेश जाने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपियों के चारों आरोपियों से एक-एक किलो के कुल 92 पैकेट गांजा बरामद किया है। पुलिस द्वारा जब्त किए गए 92 किलो गांजा की कीमत 30 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस मामले में उड़ीसा सुन्दरगढ़ महेशडीह निवासी 23 वर्षीय राज मुंडा आ. रवि मुण्डा, सुन्दरगढ़ महेशडीह टेंगीबाड़ी निवासी 25 वर्षीय सोनू बरुवा आ. मदन बरूवा, सुन्दरगढ़ लूराडीपा निवासी 23 वर्षीय विक्रम भेंगरा आ. लिनियुस भेंगरा व 23 वर्षीय विजय सेर्देरिया आ. संजय सेर्देरिया धासी को बसंतपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र सोनी व सउनि पुष्पराज सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20बी, (2)(सी) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### तमिलनाडु में कॉर्फबॉल स्पर्धा में शामिल होंगे सरगुजा के खिलाड़ी



**अंबिकापुर।** चेन्नई में होने वाले राष्ट्रीय कॉर्फबॉल चैम्पियनशिप के लिए सरगुजा जिले के खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है। सरगुजा के कॉर्फबॉल खिलाड़ी तमिलनाडु में प्रदेश की टीम के लिए खेलेंगे। बता दें कि 21वीं सब जूनियर एवं 30वीं जूनियर राष्ट्रीय कॉर्फबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 24 से 27 जुलाई तक चेन्नई, तमिलनाडु में किया गया है। इस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम में सरगुजा कॉर्फबॉल खिलाड़ियों का चयन हुआ है। टीम में जूनियर वर्ग में अभिषेक शर्मा, श्रेया उपाध्याय, विभा सोनवानी, सब-जूनियर टीम रुद्राक्षी जैन, संजना मिंज, रजनीकांता, रित्विक राज गुप्ता, आयुष बारी शामिल हैं। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि इन खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर टीम में अपनी जगह बनाई है। यह सरगुजा जिला के लिए गर्व की बात है कि यहां से इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला कॉर्फबॉल संघ के सभी पदाधिकारियों, कोच एवं अभिभावकों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**निधन**

### आरके पटेल



**कोरबा।** फेडरेशन के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष आरके पटेल का 19 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोरबा पश्चिम स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिवार परिजन सहित बड़ी संख्या में फेडरेशन 01 के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### मिलावट की आशंका...

दीपका स्थित मधुबन डेयरी से खोवा का नमूना लिया गया। इसके साथ ही मिलावट की आशंका को देखते हुए 2 क्विंटल खोवा को सीज किया गया। सीज किए गए खोआ की कीमत लगभग 30 हजार रुपए के करीब है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी विकास भगत ने कहा कि यह अभियान उपभोक्ताओं को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने आम जनों से भी अपील की है कि यदि किसी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता को लेकर संदेह हो तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें, जिससे समय रहते उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## कटघोरा थाना परिसर में किया गया पौधरोपण


पौधरोपण करते थाना प्रभारी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

पर्यावरण माह एवं वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मारवाड़ी युवा मंच कटघोरा एवं नवचेतना शाखा कटघोरा के संयुक्त तत्वावधान में थाना परिसर कटघोरा में वृहद पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनीष अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, तथा अग्रवाल सभा कटघोरा अध्यक्ष पवन अग्रवाल उपस्थित रहे।

निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, यह समाज का साझा दायित्व है। राष्ट्रीय संयोजक मनीष अग्रवाल ने कहा मारवाड़ी युवा मंच न केवल सामाजिक विकास बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सतत प्रयासरत है। कायर्सक्रम में प्रांतीय संयोजक पीयूष गर्ग, नवीन गोयल, अजय गर्ग, पियुष अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, अंजय अग्रवाल, अरुण केडिया, देवव्रत अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, श्रीमती शीतल मित्तल, श्रीमती प्रियंका बंसल, श्रीमती अनुष्का मित्तल, श्रीमती एकता सिंघल, श्रीमती बरखा मित्तल उपस्थित रहे।

## कन्नौजिया राठौर समाज की कार्यकारिणी गठित





**कोरबा।** जिला कन्नौजिया राठौर समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सीताराम राठौर को अध्यक्ष, हरीश कुमार राठौर को सचिव व छबिराम राठौर को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नवीन कार्यकारिणी समाज के बहुमुखी विकास के संकल्प के साथ तथा सामाजिक भवनों को सर्वसुविधायुक्त बनाने प्राथमिकता रखने का शपथ लिया। समाज के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर साव, पूर्व सचिव विजय कुमार राठौर व पूर्व कोषाध्यक्ष चेतन राठौर व सदस्य उपस्थित थे।

## शांतिनगर स्कूल में गणवेश वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

स्कूली बच्चों को प्रतिवर्ष निःशुल्क गणवेश वितरण किया जाता है। इस वर्ष शासकीय स्कूलों में गणवेश का रंग बदला गया है नई ड्रेस पाकर बच्चों में काफी उत्साह का माहौल है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बोईदा के सरपंच संजय राज, पंच शांतिलाल पटेल, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य रामकृष्ण पटेल आदि की उपस्थिति में शासकीय प्राथमिक शाला शांतिनगर संकुल केंद्र बोईदा में स्कूली बच्चों को गणवेश का वितरण किया गया। नई कलर का गणवेश पाकर बच्चों में उत्साहवर्धन देखने को मिला। सरपंच संजय राज ने कहा कि सभी बच्चों को नियमित स्कूल आने, घरों में गृह कार्य पूर्ण करने, अनुशासन में रहकर अच्छे से



अध्ययन अध्यापन करने बच्चों को समझाते हुए बच्चों को प्रोत्साहन राशि दिया गया। सावन सोमवार के उपलक्ष में सभी बच्चों को खीर पुड़ी खिलाया गया। प्रधान पाठक मनोज चौबे ने कहा कि जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंध समिति के सदस्यों एवं पलकों का शाला के विविध कार्यक्रमों में उपस्थित होने से बच्चों को प्रोत्साहन एवं शिक्षकों को मार्गदर्शन मिलता है।

## द्वितीय जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता का हुआ समापन, जिले के 60 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कराते खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से द्वितीय जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी, सिटी सेंटर मॉल में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले भर के 60 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

**खास बात**

- लेवल अप एमएमए अकादमी में हुआ आयोजन



विजेता टीम के खिलाड़ी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कराटे डू स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश बंजारे ने की। मुख्य अतिथि हितानंद अग्रवाल सदस्य, एमआईसी नगर निगम तथा विशिष्ट अतिथि अमित टमकोरिया उपस्थित रहे। श्री अविनाश बंजारे ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से आगामी राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप हेतु चयन प्रक्रिया भी संपन्न की गई, जिसके अंतर्गत 50 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 26–27 जुलाई को रायपुर में आयोजित की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि कोरबा के खिलाड़ी राज्य स्तर के साथ-साथ राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप (नई दिल्ली) में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ और कोरबा का नाम रोशन करेंगे। चयन समिति में कोच प्रेमराज बंजारे, अजीत शर्मा, देवाशीष कश्यप, ईशा सोनवानी , रिया श्रीवास, कविता साहू, छत्रसाल प्रताप सिंह, करण कुमार बरेठ, गगन मानिकपुरी, सुशील एवं सागर मानिकपुरी ने निष्पक्षता एवं पूर्ण निष्ठा के साथ खिलाड़ियों का चयन किया।

### इन खिलाड़ियों ने जीते पदक

अक्षत साहू, आरुष राठौर, एकांश राठौर, अंशिका अग्रवाल, तेजस साहू, आर्यन विक्टर सिंह, अर्णव यादव, एंजेल यादव, पारस बंजारे, माउथ्यू एक्का, नेवान आर. पिल्लै, फरहान, अधृत नारायण पांडे, श्याम यादव, रक्षा शुक्ला, हर्षिता कैवर्त, जहाँ मानिकपुरी, आयुष उरांव, लोमश प्रसाद सिन्हा, प्रतीक सिंह, आर्य सेठी, एकदा महंत, अर्णव साहू, रोहन कुमार श्रीवास, अमन टोप्पो, मिया अलापट्ट, जैस्मिन कुर्रे, लखन साहू, अक्षत पांडे, धीरज कुमार बरेठ, गुलशन बोरकर, अनीश कुमार खरे, जाकिर हमजोर, काव्य श्रीवास, रागिनी निर्मलकर, रुचि श्री राहंगडाले, स्वाति ओगरे, अनुज अग्रवाल, अविनाश परमानी, गुंजन देवांगन, रियान तिर्की, साहिल कुमार महतो, शिवांश सोनी, समीर कुमार कवर, आलोक गुप्ता, संपदा सक्सेना, इशाक़ कुजूर, वैभव कृष्णा, मयंक कश्यप, अनुप्रीत सिन्हा, भूपेश कुमार सारथी, फ्रांसिस कुजूर शामिल हैं।

## एसईसीएल ने टीबी उन्मूलन अभियान के तहत वितरित किए पोषण किट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत 21 जुलाई को वसंत विहार, बिलासपुर स्थित रविंद्र भवन में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास रहे, जिन्होंने टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की। कार्यक्रम में एसईसीएल के महाप्रबंधक (सीएसआर) सी. एम. वर्मा, आर.के. एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर सेंटर, मुंबई के चेयरमैन डॉ. धर्मेंद्र कुमार, सीएमएस डॉ. श्रुतिदेव मिश्रा एवं सीएसआर विभाग के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 80 चिन्हित टीबी मरीजों में से 60 मरीजों को पोषण किट वितरित की गई, जबकि शेष 20 मरीजों को आगामी दिनों में परियोजना टीम द्वारा घर-घर जाकर किट प्रदान की जाएगी। यह पहल एसईसीएल की उस व्यापक मुहिम का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत कोल बेल्ट क्षेत्रों में अब तक 50 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिससे क्षेत्र में 314 टीबी मरीजों की पहचान हुई है। एसईसीएल की यह निरंतर पहल भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सक्रिय स्वास्थ्य सहायता, पोषण सहयोग और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से योगदान दिया जा रहा है।

## महतारी वन्दन योजना से पूजा को मिली आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली ब्लॉक अंतर्गत सीमावर्ती ग्राम पंडोपारा की रहने वाली पूजा पंडो की स्थिति पहले से काफी बदल चुकी है। एक समय था जब पूजा आर्थिक तंगी और सीमित संसाधनों के चलते अपने परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाइयों का सामना कर रही थीं। लेकिन छत्तीसगढ़ शासन की "महतारी वंदन योजना" ने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी। पाली ब्लॉक के अंतर्गत पंडोपारा की रहने वाली पूजा ने बताया कि उनके खाते में हर माह एक हज़ार रुपये आता है। महतारी वन्दन योजना के रूप में सहायता मिलने से पूजा को न केवल आर्थिक संबल मिला, बल्कि उन्होंने इस राशि का सही उपयोग कर अपनी आजीविका को सशक्त बनाया। पूजा ने बताया कि वह जंगल के पास रहती है। आसपास कुक काम मिल पाना मुश्किल है। इसलिए शुरुआत में इस राशि से सब्जी बेचने का छोटा व्यवसाय शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी मेहनत रंग लाई और आज वह न केवल खुद के लिए आय का साधन बना चुकी हैं।

## कोरबा मार्केट



**गुप्त रोग**
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998


### न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि एस.ई.सी.एल दीपका क्षेत्र द्वारा खातेदार द्वारिका सिंह पिता जीतसिंह (फौत) वारिसान-ज्योति भूषण प्रताप सिंह, डीवनपाल सिंह, भुवनपाल सिंह, दुजा बाई, द्रौपती बाई, गिरजा, पार्वती पिता स्व. द्वारिका सिंह, फूल बाई पति स्व. द्वारिका सिंह निवासी मलगांव तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के भूमिस्वामी हक की ग्राम मलगांव तहसील दीपका स्थित भूमि ख.नं. 181/2 कुल रकबा 0.364 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. दीपका क्षेत्र में अर्जित होने से खातेदार/खातेदारों द्वारा अर्जित भूमि के एवज में बलराम सिहं कंवर पिता ज्योति भूषण प्रताप सिंह कंवर को रोजगार हेतु नामांकित कर नामांकन फार्म जमा किये जाने पर नामांकन सत्यापन किये जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 25/07/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 08/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### पोड़ी उपरोड़ा बीईओ का प्राचार्यों ने किया स्वागत

**कोरबा।** स्थानीय ब्लाक के प्राचार्यों ने नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी केआर दयाल का बीते दिनों पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान खण्ड स्त्रोत समन्वयक जीडी महंत ने उन्हें बुके भेंट किये। स्वागत बाद संक्षिप्त समीक्षा बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें आगामी दिनों में ब्लाक स्तरीय खेलकूद का आयोजन, स्थल चयन एवं तिथि का निर्धारण किया गया। जिसके साथ ही बीईओ श्री दयाल ने शासन के विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की और समय पर सभी जानकारी उपलब्ध कराने, ऑनलाइन एंट्री, संकुल के शालाओं का मॉनिटरिंग करने उपस्थित प्राचार्यों को निर्देशित किया गया। उन्होंने आश्वास्त किया कि शैक्षिक कार्यों के साथ शिक्षकीय व विभागीय कार्यों को शासन के मंशानुसार बिना भेदभाव संचालन करेंगे।

### बिहान योजना से मिल रही आर्थिक मजबूती



**कोरबा।** कटघोरा में रहने वाली श्रीमती सोनी के घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। पति अकेले कमाने वाले थे और घर खर्च चलाना मुश्किल हो रहा था। अपने बच्चों के भविष्य और अपने आत्मसम्मान के लिए नीलम ने ठान लिया कि कुछ करना है। उन्होंने अपनी बेटी श्रिया के नाम पर श्रिया स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपनी नई यात्रा की शुरुआत की। यही वह मोड़ था जहाँ से उन्होंने अपने जीवन को नए रंगों से रंगना शुरू किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित बिहान योजना से जुड़कर श्रीमती नीलम सोनी को एक नई दिशा और पहचान मिली। उन्होंने शासन की सहायता से छह लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया और कटघोरा में गढ़ कलेवा नामक एक परंपरागत छत्तीसगढ़ी भोजनालय की शुरुआत की। शुरुआत में राह आसान नहीं थी, लेकिन दृढ़ निश्चय और परिश्रम ने उन्हें पीछे मुड़कर देखने का मौका नहीं दिया। उन्होंने गढ़ कलेवा में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों जैसे चीला, फरा, ठेठरी, खुरमी, अईरसा, चौसेला, तसमई, करी लड्डू, सोहारी आदि के साथ-साथ से बने पारंपरिक पकवानों को परोसना शुरू किया।

### माँ जगदंबा के उत्सव की तैयारियां शुरू, बैठकों का दौर शुरू



**कोरबा।** पंडित रविशंकर शुक्ला नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आदि शक्ति मां जगदंबा का पावन पर्व भक्ति और भव्यता के साथ मनाने की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। आगामी उत्सव के सफल आयोजन हेतु पंडित रविशंकर शुक्ला नगर दुर्गा पूजा उत्सव समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व वर्षों की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखते हुए इस वर्ष भी विधि-विधान से भव्य पंडाल में माता की दिव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। समिति का 23वां वार्षिक उत्सव है, जो इसकी लंबी और गौरवशाली परंपरा को दर्शाता है। समिति ने सर्वसम्मति से संजय सिंह को अध्यक्ष बनाया है। अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पंडित रविशंकर शुक्ला नगर की दुर्गा पूजा पूरे शहर में अपनी भव्यता, धार्मिक आस्था और उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए जानी जाती है। प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी और श्रद्धालुओं के लिए भोग-भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक की जानकारी समिति के सदस्य अनूप पासवान ने दी।

## उद्योग मंत्री ने भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता को किया संबोधित

# पुत्र मोह में भूपेश ने पूरी कांग्रेस को झोंका, प्रदेश की जनता बहकावे में नहीं आने वाली : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस बताएं कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उसे व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन करने की बात कह रही है, इसका साफ मतलब है भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मुंह में झोंक दिया है। कुल मिलाकर भूपेश बघेल अपने कारनामे को गलत दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं।

**खास बात**

- भ्रष्टाचारियों को बचाने प्रदेश की जनता को परेशान किया जा रहा है, इसे कहते हैं चोरी ऊपर से सीनाजोरी

उक्त बातें वाणिज्य, उद्योग एवं श्रममंत्री लखन लाल देवांगन ने आज टीपी नगर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दापाश हो गया है। भाजपा ने पत्रकार वार्ता में तथ्यों एवं दस्तावेज के माध्यम से कांग्रेस के झूठ को एक बार फिर बेनकाब किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था। श्री देवांगन ने कहा भूपेश बघेल की सरकार ने कोल परिवहन के सिस्टम को ऑनलाइन से ऑफलाइन कर दिया था। कोरबा समत अन्य जिलों के खदानों से निकलने वाले कोयले में अवैध वसूली की जाती थी। भाजपा सरकार बनने के सिर्फ दो महीने बाद 7 फरवरी 2024 को कॉल परिवहन का सिस्टम पुनः ऑनलाइन कर दिया गया था। इस तरह से गड़बड़ी के सारे रास्ते को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत विष्णु देव सरकार बंद कर चुकी है। शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं तो भूपेश बघेल के पेट में दर्द हो रहा है। प्रेसवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पार्षद अशोक चावलानी, नरेंद्र देवांगन मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, सह मीडिया प्रभारी पवन सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।




पत्रकारवार्ता में उपस्थित उद्योग मंत्री, महापौर, भाजपा जिला अध्यक्ष व अन्य।

**उद्योग मंत्री की पहल, होंगे 21 करोड़ के विकास कार्य**

उद्योग मंत्री की पहल पर निगम को मिली 19 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की पहल पर छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि व विधायी कार्य, तथा नगरीय प्रशासन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव द्वारा नगर पालिक निगम कोरबा हेतु लगभग 19 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों में 10 लाख की राशि से वार्ड क. 1 अंतर्गत शा.उ.मा.वि. कोरबा के सामने नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण, 15 लाख की राशि से वार्ड क. 4 अंतर्गत बजरंग चौक शिव मंदिर गली राताखार में शिव मंदिर के सामने बिन्दु सिंह राजपूत के घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य, 11.75 लाख की राशि से राताखार मुख्य मार्ग में पुराना पुल से मुक्तिधाम तक सड़क बत्ती स्थापना कार्य, 30 लाख की राशि से वार्ड क. 5 अंतर्गत ईदगाह से इंदिरा नगर आंगनबाड़ी कलवर्ट तक नाली का निर्माण, 12 लाख की राशि से वार्ड क्र. 6 अंतर्गत पुरानी बस्ती कोरबा में सर्वमंगला फ्लोर मिल से भंडारी चौक तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य, 6 लाख की राशि से वार्ड क. 8 अंतर्गत मोतीसागरपारा सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं।

**जब भी मुद्दा उठाते हैं बचाव में आते हैं बघेल**

श्री देवांगन ने कहा कि जब भी कोल ब्लॉक आवंटन और पेड़ कटाई आदि पर सवाल उठाते थे, तो दस जनपथ के दबाव में सीधे तौर पर भूपेश बघेल बचाव में आ जाते थे। कहते थे कि कोल ब्लॉक आवंटन का विरोध करने वाले अपने-अपने घरों की बिजली बंद कर दें। सवाल यह है कि अब जब झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाकर भूपेश बघेल अपनी कालिख धोने की कोशिश कर रहे हैं, तो क्या वह अपने घर और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे? न केवल भूपेश बघेल ने कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आवंटित किया था बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह की सरकार में तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आवंटन की राह आसान की थी। उन्होंने कहा कि साल 2010 में केन्द्र में काँग्रेस की सरकार थी, तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अरण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। उसे कांग्रेस नीत सरकार के पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने ही सबसे पहले गो एरिया घोषित किया था।

## यातायात और निगम की संयुक्त टीम ने होर्डिंग व बेतरतीब पार्किंग पर की कार्रवाई



अवैध होर्डिंग हटाते यातायात पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात डीएसपी डीके सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस और नगर निगम ने कोरबा मुख्य मार्ग से इतवारी बाजार मार्ग पर माइक से अनाउंसमेंट करके चार पहिया/दुपहिया वाहनों और दुकानों की होर्डिंग पर कार्रवाई की। यातायात एएसआई मनोज राठौर ने बताया कि यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी अभियान जारी रहेगा। निगम टीम ने पूर्व के निर्देशों का पालन नहीं करने वाले कई दुकानों पर चालानी कार्यवाही करने की बात कही।

यातायात डीएसपी डीके सिंह ने बताया कि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मिलकर शहर के भीतर यातायात पुलिस को नगर निगम के साथ मिलकर व्यवस्था बनाने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि अवैध पार्किंग और होर्डिंग करने वाले व्यवसायियों पर भी कार्रवाई होगी और यातायात पुलिस और नगर निगम की टीम आगे भी शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई जारी रखेगी। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी श्री गोयल, अविनाश शुक्ला, यातायात निरीक्षक तेज सिंह यादव, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह, दिलचंद खूंटे, अरुण और लीलाधर की अहम भूमिका रही।

### स्कूल में पुस्तक पहुंचने के बाद भी छात्रों को नहीं मिली

**कोरबा।** नया शिक्षा सत्र शुरू हुए एक माह गुजर गए हैं लेकिन अभी तक सरकारी और निजी विद्यायलों में निःशुल्क पुस्तकों का वितरण नहीं हो सका है। इसकी वजह पुस्तकों में अंकित क्यूआर कोड के स्कैनिंग में आ रही परेशानी को बताया जा रहा है। पुस्तकों के वितरण में विलंब से शिक्षकों के साथ ही विद्यार्थी भी पढ़ाई को लेकर परेशान हैं। जिले में लगभग 1526 प्राथमिक और 525 माध्यमिक के साथ ही 300 निजी स्कूल संचालित है। इन स्कूलों में 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है।

# निकिता को कर्नाटक में मिला बेस्ट कैडेट का राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केएन कॉलेज की मेधावी एनसीसी कैडेट निकिता साहू ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट कैडेट (एसडब्ल्यू) का खिताब अपने नाम किया। यह शिविर कर्नाटक के हसन जिले में आयोजित हुआ था, जिसका संचालन कर्नाटक एवं गोवा एनसीसी डायरेक्टोरेट द्वारा किया गया। निकिता ने इस शिविर में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ डायरेक्टोरेट के रायपुर ग्रुप से कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लिया। कर्नाटक एवं गोवा डायरेक्टेड और मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ डायरेक्टेड से आए कैडेट्स के बीच उन्होंने अपने अनुशासन, लीडरशिप, सांस्कृतिक भागीदारी, सामान्य ज्ञान, परेड प्रदर्शन और ओजस्वी वक्तृत्व के दम पर सबका ध्यान आकर्षित किया। निकिता साहू को यह राष्ट्रीय सम्मान स्वयं एयर कमोडोर बी. अरुण कुमार के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया।



सम्मान प्राप्त करते निकिता साहू।

इसके लिए कमला नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर, 1 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी कोरबा के कर्नल सेंथिल कुमार एवं कॉलेज के अधिकारियों ने प्रशंसा करते हुए सराहना की।

# त्रिदिवसीय सेवा दल शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




आनंद मार्ग स्कूल एरिगेशन चौक दर्री में त्रिदिवसीय सेवा दल शिविर का आयोजन आनंद मार्ग प्रचारक संघ द्वारा किया गया। जिसमें युवतियों को जूडो कराटे, खेलकूद, आसन कौशिकी ध्यान, राम- नियम पर आधारित नैतिक शिक्षा, धार्मिक जीवन मूल्यों की उपयोगिता, सामाजिक शिष्टाचार, निःस्वार्थ भाव से जगत की सेवा करने की शिक्षा प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा को कैसे बढ़ाया जाए, छात्रों के पढ़ाई में रुचि कैसे बनी रहे इन बिन्दु पर संस्था की ओर से आई हुई अवधूतिका आनंद अनुरक्ति आचार्या और स्कूल की व्यवस्थापिका ब्रम्हचारिणी सन्निधि आचार्या ने शिक्षार्थी को उपयोगी बातें बताई। बच्चों ने भी बड़ी उत्सुकता के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। नैतिक मूल्यों से चरित्र, समाज का निर्माण और देश को संगठित युवा पीढ़ी देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। रविवार को आयोजन शिविर के समापन पर प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

# तीन माह पहले मरम्मत कराने के बाद भी छात्रावास की छत से हो रहा है सीपेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पांचों विकासखंड में आश्रम छात्रावास के मरम्मत का काम पिछले वर्ष और इस वर्ष तीन माह पूर्व किए गए थे, उसके बावजूद बारिश में आश्रम छात्रावास के छत से पानी का सीपेज हो रहा है। इतना ही नहीं आश्रम अधीक्षकों से पूर्णतः प्रमाण पत्र लिए बिना ठेकेदारों को विभाग से बिल भी पास हो जा रहा है। छात्रावासों की स्थिति यह है कि सीपेज की वजह से कमरों की स्थिति रहने लायक नहीं है।

**खास बातें**

- पूर्णत: प्रमाण पत्र लिए बिना विभाग से बिल हो रहा है पास
- मामला ट्रायबल विभाग के आश्रम छात्रावास का

जोनवार आश्रम छात्रावास का मरम्मत कार्य अप्रैल माह में ट्रायबल विभाग की निर्माण शाखा के माध्यम से किया गया है। बीते तीन माह में किस तरह के मरम्मत कार्य ठेकेदारों द्वारा किए गए हैं। इसका जीता जागता उदाहरण बारिश के इस मौसम में आश्रम छात्रावास की छत से रीसता पानी है। आश्चर्य की बात यह है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संज्ञान लेना उचित नहीं समझा है। प्रत्येक जोन में 7 आश्रम छात्रावासों को शामिल किया गया था और पांच जोन बनाए गए थे। कुल 35 आश्रम छात्रावासों का मरम्मत कार्य किया गया। प्रत्येक जोन के लिए 8 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। उक्त राशि से तीन माह में मरम्मत के कार्य पूर्ण कर लिए गए और बिल भी पास करा लिया गया। जबकि बारिश में जिस तरह से पानी रीस रहा है आश्रम अधीक्षकों ने ही मरम्मत कार्य पर सवाल खड़ा कर दिया है।




**पिछले साल भी हुआ था मरम्मत**

बीते वर्ष 2024 शैक्षणिक सत्र में भी मरम्मत के कार्य हुए थे, जिसमें कुदमुरा, लाफा, भैसमा के आश्रम छात्रावास शामिल हैं। उक्त आश्रम छात्रावासों का पिछले वर्ष जब निरीक्षण किया गया था तो उस वक्त बारिश के पानी से लाफा बालक छात्रावास के कमरे भरे हुए नजर आये थे। इसी तरह कुदमुरा बालिका छात्रावास की अधीक्षिका ने तो निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करते हुए भवन को हैंडओवर लेने से इंकार कर दिया था।

**दो वर्ष के दौरान 40 छात्रावासों का हुआ मरम्मत कार्य**

बीते दो वर्षों के दौरान 40 छात्रावास आश्रमों का मरम्मत कार्य हुआ है। जिसमें शासन की एक बड़ी राशि खर्च की जा चुकी है। उक्त राशि से किस तरह के मरम्मत कार्य हुए और बारिश में छात्र किस तरह आश्रम छात्रावासों में निवास कर रहे हैं इसका जायजा लेने के लिए विभागीय अधिकारी आश्रम छात्रावास ही नहीं पहुंचे हैं। जिससे उन्हें आश्रमों की वास्तविक स्थिति की जानकारी नहीं मिल पा रही है। किंतु पूर्णतः प्रमाण पत्र लिए बिना मरम्मत कार्य का बिल पास कराना अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## बुधवारी बाजार में साफ-सफाई कार्यों का अपर आयुक्त ने किया निरीक्षण

# अपनी आदत में करें सुधार, न फैलाएं गंदगी, वरना होगी कार्रवाई : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने शहर के बुधवारी सब्जी व फल बाजार में गदंगी फैलाने तथा दुकानों से निकले कचरे को डस्टबिन में न रखने पर निगम की एक्शन टीम ने उन पर कार्यवाही करते हुए संबंधित सब्जी फल व्यवसायियों पर अर्थदण्ड आरोपित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। टीम ने संबंधितों को कड़ी हिदायत दिया गया कि दुकानों में डस्टबिन रखा करें एवं दुकान से उत्सर्जित कचरा डस्टबिन में ही डालें। बाजार में गदंगी न फैलाए अन्यथा नियमों का पालन न करने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में अपर आयुक्त विनय मिश्रा द्वारा शहर का भ्रमण कर जनसमस्याओं का जायजा लिया गया एवं उनका निराकरण करने के साथ-साथ शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस रखकर शहर को साफ-सुथरा रखने, सफाई व्यवस्था में आमूल-चूल बदलाव लाने तथा सफाई के प्रति लोगों की आदतों में सुधार लाने का भागीरथ प्रयास किया जा रहा हैं, किन्तु बार-बार समझाईश दिये जाने के बावजूद कतिपय लोगों द्वारा सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थानों, बाजारों में गंदगी फेकी जा रही है, इससे एक ओर जहां निगम के भरसक प्रयासों के बावजूद सफाई व्यवस्था बाधित हो रही है, वहीं शहर को साफ-सुथरा रखने के नगर पालिक निगम की कोशिशों में भी बाधायें उत्पन्न हो रही हैं। अभी कुछ दिन पूर्व अपने नियमित शहर भ्रमण की कड़ी में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ बुधवारी सब्जी बाजार का सघन रूप से निरीक्षण किया गया था। बाजार में गंदगी न फैलायें, किन्तु इसके बावजूद भी कतिपय सब्जी फल व्यवसायियों द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है तथा उनके द्वारा कचरे को इधर-उधर बिखेरकर गंदगी फैलाई जा रही है। भ्रमण के दौरान जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, अभय मिंज, उप जोन प्रभारी सुमित गुप्ता, करन पाण्डेय, प्रिंस सिंह, मनोज साहू के साथ ही अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



व्यापारियों को समझाइश देते अपर आयुक्त।

**पम्पहाउस का किया भ्रमण**

अपर आयुक्त विनय मिश्रा द्वारा अधिकारियों की टीम के साथ निगम की कर्मशाला का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि वहां पर खडी हुई वाहनों में से जो वाहन मरम्मत योग्य है, उनका मरम्मत कराकर उपयोग में लाया जावे तथा वाहनों के खराब पड़े हुए पाट्‌र्स व अन्य कबाड़ को इधर उधर न रखें। व्यवस्थित रूप से पाट्‌र्स व कबाड को रखने के निर्देश उन्होने अधिकारियों को दिया, साथ ही उन्होने पम्प हाउस स्थित महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रीज पार्क का भी निरीक्षण किया

